रिपोर्ट | **दालों के मामले में प्रदेश 18.3 प्रतिशत जीवीओ में हिस्सेदारी के साथ नंबर एक**

यूपी की फल-सब्जी में हिस्सेदारी बढ़ी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में फल सब्जी का उत्पादन आय हाल के वर्षों में काफी बढ़ा है। दस साल पहले राज्य में फल सब्जी उत्पादन की हिस्सेदारी देश में 7.2 प्रतिशत थी, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो गया है। पश्चिम बंगाल में इस मामले में काफी गिरावट आई है, फिर यह राज्य देश भर में इस मामले अव्वल है।

कृषि वानिकी पर राज्यवार रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, फल सब्जी के मामले में उत्पादन से प्राप्त आय (ग्रास वेल्यू आउटपुट यानी जीवीओ) 20.6 हजार करोड़ रुपये

थी जो अब यह बढ़कर 38 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई। एक ओर जहां पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु की इस सामले हिस्सेदारी एक दशक में घट गई , वहीं यूपी, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात ने अच्छी प्रगति दिखाई है। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रास वेल्यू आउटपुट (जीवीओ) के आधार पर विभिन्न फसलों में सबसे ऊपर अनाज का और उसके बाद फल सब्जी का नंबर आता है। दालों के मामले में भी यूपी 18.3 प्रतिशत जीवीओ में हिस्सेदारी के साथ नंबर एक पर है। 10 साल पहले इसका जीवीओ 18 हजार करोड़ रुपये का था जो अब बढ़कर 45 हजार करोड़ रुपये का हो गया। वैसे तो जीवीओ के लिहाज से फलों में आम,केले व सब्जी में आलू टमाटर की हिस्सेदारी पूरे देश में सबसे ज्यादा है, लेकिन दस साल में इसमें थोड़ी गिरावट आई है।